भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 344

दिनांक 05 दिसम्बर, 2023 को उत्तरार्थ

कार्बन न्यूट्रल पंचायत

†344. डॉ. एम. के. विष्णु प्रसादः
श्री टी.आर.वी.एस. रमेशः

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या प्रथम कार्बन न्यूट्रल पंचायत की घोषणा की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अन्य पंचायतों को कार्बन न्यूट्रल बनाने की संभावना का आकलन करने के व्यवहार्यता-अध्ययन किया जा रहा हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या ग्राम ऊर्जा स्वराज कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायतों की कार्बन न्यूट्रॉलिटी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो इस कार्यक्रम के अंतर्गत वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या हैं?

उत्तर

पंचायती राज राज्य मंत्री
(श्री कपिल मोरेश्वर पाटील)

(क) जी नहीं, महोदय

(ख) और (ग) उन्नत भारत अभियान और पंचायती राज मंत्रालय के सहयोग से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर द्वारा पल्ली ग्राम पंचायत, सांबा जिला, जम्मू के लिए एक स्थानीय जलवायु कार्य योजना तैयार की गई है।

शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने की दिशा में अनुकरणीय कार्य के लिए, पंचायती राज मंत्रालय ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2023 के तहत तीन ग्राम पंचायतों मीनांगडी (सुल्तान बाथरी ब्लॉक, वायनाड जिला, केरल), कान्हा (नंदीगामा ब्लॉक, रंगारेड्डी जिला, तेलंगाना) और बोनाईगढ़ (बोनाईगढ़ ब्लॉक, सुंदरगढ़ जिला, ओडिशा) को क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर "कार्बन न्यूट्रल ग्राम पंचायत पुरस्कार" से सम्मानित किया। ये पुरस्कार 17 अप्रैल, 2023 को भारत के माननीय राष्ट्रपति की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किए गए।

(घ) जी नहीं, महोदय

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।